कॉन/ एफ ए सचिव /AGM 2023/108/ दिनांक 27.09.2023

Sub: Newspaper Publication of Chairman Speech at 35th AGM held on 26.09.2023

Please find enclosed the copies of the Chairman Speech at 35th Annual General Meeting of CONCOR, published in the newspapers on 27.09.2023 in 'Times of India, Economic Times, Hindustan Times, Mint, Financial Express, Indian Express, Hindu & Hindu Business Line' in English language and in 'Navbharat Times, Hindustan & Jansatta' in Hindi language, in all India edition.

This is for your information and record.

English Language

Times of India:

Economic Times:

Hindustan Times:

Mint:

Financial Express:

Indian Express:

The Hindu:

Hindu Business Line:

Hindi language

Navbharat Times:

Hindustan:

Jansatta:

कंटेनर की बात कॉनकॉर के साथ

35वीं वार्षिक सामान्य बैठक में अध्यक्ष महोदय का भाषण
भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड

26 सितंबर, 2023 को आयोजित



कॉनकॉर
CONCOR

भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड

कॉनकॉर ने वित्त वर्ष 23 में अब तक का सर्वाधिक टर्नओवर एवं थ्रूपुट हासिल किया।



प्रिय शेयरधारकों,

देवियो और सज्जनों!

नमस्कार, मैं आप सभी का हार्दिक स्वागत करता हूं। कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की इस 35वीं वार्षिक आम बैठक में आप सभी को संबोधित करना मेरे लिए सौभाग्य और सम्मान की बात है। आपकी कंपनी की इस एजीएम के लिए अपना बहुमूल्य समय निकालने और एक बार फिर से हमारे साथ जुड़ने के लिए आपको पूरे बोर्ड और प्रबंधन की ओर से धन्यवाद देना चाहता हूं।

सबसे पहले, हर गौरवान्वित भारतीय की तरह, मैं चंद्रयान-3 मिशन की ऐतिहासिक सफलता के लिए इसरो को बधाई देना चाहता हूं, जिसने वैश्विक अंतरिक्ष शक्ति के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत बनाया। 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' विषय पर हाल ही में नई दिल्ली में संपन्न जी-20 शिखर सम्मेलन की सफलता के लिए हमारी सरकार और प्रत्येक देशवासी को मैं बधाई देना चाहता हूं। भारत की जी-20 की अध्यक्षता ने आज के अशांत विश्व को हमारे उपनिषदों की प्रसिद्ध शिक्षा "वसुधैव कुटुंबकम" जिसका अर्थ है कि समस्त संसार एक परिवार है।

विश्व आर्थिक मंच की ग्लोबल रिस्क रिपोर्ट 2023 के अनुसार, जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक आपदा और प्रतिकूल मौसम की घटनाओं को कम करने और उन्हें अनुकूल बनाने में विफलता मिली है, जैव विविधता की हानि हुई है और इको-सिस्टम ढह गया है जोकि एक प्रमुख दीर्घकालिक वैश्विक जोखिम है। विकास, निवेश और सहयोग में कमी के फलस्वरूप ये जोखिम भी बढ़ गए हैं जिसे आज सभी वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं को महसूस हो रहा है। हालांकि, इतिहास ने साबित कर दिया है कि संकटों के बीच से ही प्रगति और परिवर्तन के रास्ते निकलते हैं।

वैश्विक व्यवधानों और चुनौतियों के बीच, आपकी कंपनी ने व्यापार और उद्योग को अपनी कुशल सेवा के माध्यम से लॉजिस्टिक्स सपोर्ट देने में ही अपना योगदान दिया है। इसने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और अपने मजबूत बुनियादी सिद्धांतों में सुधार किया है। आपकी कंपनी आगे के आर्थिक विकास को लेकर आशावादी है और उभरते व्यावसायिक अवसरों का लाभ उठाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए निदेशकों और लेखापरीक्षित खातों की रिपोर्ट, लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट और भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियों के साथ आपको पहले ही भेज दी गई है और आपकी अनुमति से, मैं उन्हें पढ़ा हुआ मान लेता हूं। अब, मैं भविष्य की संभावनाओं के साथ-साथ वर्ष 2022-23 के आर्थिक परिदृश्य, क्षेत्रीय दृष्टिकोण और कंपनी की उपलब्धियों के बारे में संक्षेप में बताना चाहूंगा।

आर्थिक परिदृश्य:

विश्व बैंक की वैश्विक आर्थिक संभावना रिपोर्ट जून 2023 के अनुसार, पिछले साल 3.1% की दर से बढ़ने के बाद उच्च मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने के लिए सख्त मौद्रिक नीति अपनाने के फलस्वरूप वैश्विक अर्थव्यवस्था 2023 में काफी धीमी होकर 2.1% हो जाएगी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान भारत की वास्तविक जीडीपी में वृद्धि का प्रोविजनल अनुमान 7.2% है। बैंकों और कॉरपोरेट्स की सुदृढ़ बैलेंस शीट, सप्लाई चेन मैनेजमेंट, व्यापार आशावाद और सरकार द्वारा मजबूत पूंजीगत व्यय भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अनुकूल संकेत हैं और आरबीआई ने वर्ष 2023-24 के लिए भारत में 6.5% की जीडीपी वृद्धि का अनुमान लगाया है।

आज सभी वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के सामने बढ़ती मुद्रास्फीति, अस्थिर बाजार, जारी भू-राजनीतिक संकट, व्यापार युद्ध, आपूर्ति श्रृंखला में रुकावटें और केंद्रीय बैंकों की सख्त नीतियां चुनौतियाँ बनकर उभरी हैं। इन वैश्विक विपरीत परिस्थितियों के बावजूद, भारतीय अर्थव्यवस्था लचीलापन दिखाने में कामयाब रही है और सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में सामने आई है। इसके 2027 तक जापान और जर्मनी को पछाड़कर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद है। इसलिए, हम अमृत काल के अपने दृष्टिकोण को साकार करने के लिए लगातार आगे बढ़ रहे हैं।

यह प्रशंसनीय है कि तात्कालिक चुनौतियों का सफलतापूर्वक समाधान करते हुए, सरकार ने विश्व स्तर पर हमारी प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के लिए अनुकूल वातावरण बनाने के लिए सुधार और नीतिगत हस्तक्षेप जारी रखा है। अर्थव्यवस्था में व्यापक संरचनात्मक और शासन सुधार हुए जिससे अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत हुई। इस संबंध में सरकार द्वारा की गई कुछ प्रमुख पहलों में सार्वजनिक पूंजीगत व्यय को तीन गुना करना, सर्वोत्तम श्रेणी का डिजिटल बुनियादी ढांचा तैयार करना, निजी निवेश को आकर्षित करने के लिए उत्पादकता से जुड़ी प्रोत्साहन योजना, लक्षित कल्याण खर्च, जमीनी स्तर पर कुशलता से लाभ पहुंचाना आदि शामिल हैं। प्रगतिशील नीतिगत पहल, अनुकूल जनसांख्यिकी और दुनिया में भारत के बढ़ते कद ने भारत को विनिर्माण, सेवाओं और निर्यात के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में उभारा है। इससे यह स्वीकार किया जा रहा है कि यह भारत के लिए सबसे अच्छा समय है।

क्षेत्रीय दृष्टिकोण:

लॉजिस्टिक्स क्षेत्र हर अर्थव्यवस्था के प्रमुख तत्वों में से एक है। लॉजिस्टिक्स क्षेत्र व्यापार और वाणिज्य का सहयोग करता है। भारत में यह क्षेत्र बढ़ते उत्पादन, उपभोग और वैश्विक व्यवधानों के कारण यह क्षेत्र उल्लेखनीय रूप से बढ़ने वाला है। भारत में उभरते नए अवसरों के साथ-साथ आने वाले वर्षों में बुनियादी ढांचे के विकास और भारत सरकार द्वारा ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में सुधार करके दीर्घकालिक विकास हासिल करने में काफी मदद मिलेगी। विश्व बैंक के लॉजिस्टिक्स परफॉर्मेंस इंडेक्स (एलपीआई) के अनुसार, 139 देशों में से भारत 6 स्थान उछलकर 38वें स्थान पर पहुंच गया, जो देश की वैश्विक स्थिति का एक मजबूत संकेत है।

वर्ष के दौरान, भारतीय रेलवे ने माल की प्रारंभिक लोडिंग में 6.63% की मामूली वृद्धि दर्ज की। वर्ष 2021-22 में की गई प्रारंभिक लोडिंग 1,418.10 मिलियन टन से बढ़कर 2022-23 में 1,512.07 मिलियन टन हो गई। रेल द्वारा परिवहन किए गए मूल कंटेनरीकृत कार्गो 2021-22 में 74.35 मिलियन टन से बढ़कर 2022-23 में 79.45 मिलियन टन हो गया है, जोकि 6.9% की वृद्धि दर्शाता है। माल और सेवाओं के निर्यात में पिछले वर्ष की तुलना में क्रमशः 6.03% और 26.79% की वृद्धि के साथ 447.46 बिलियन अमेरिकी डॉलर और 332.72 बिलियन अमेरिकी डॉलर का उच्चतम वार्षिक निर्यात दर्ज किया गया है।

सरकार का दृष्टिकोण एक विश्वस्तरीय लॉजिस्टिक्स पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना है जो देश की बढ़ती व्यापार और निवेश आवश्यकताओं का समर्थन कर सके। इस दिशा में, पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान, नेशनल लॉजिस्टिक्स पॉलिसी (एनएलपी), भारतमाला और सागरमाला सड़क, रेलवे और बंदरगाह बुनियादी ढांचे के तेजी से विस्तार में मदद कर रहे हैं। आईसगेट और ई-लॉग्स जैसे डिजिटल सॉल्यूशन ने लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में दक्षता और पारदर्शिता में सुधार किया है और गुड्स मूवमेंट को तेज कर दिया है। ऊर्जा दक्षता और कार्बन तीव्रता संकेतकों ने वैश्विक मानकों के अनुरूप सस्टेनेबल लॉजिस्टिक्स की दिशा में आगे बढ़ने के लिए उठाए जा रहे कदमों से आने वाले समय में व्यापार को लाभ मिलेगा।

वर्ष 2023-24 के बजट में सरकार ने पूंजी निवेश को 33 फीसदी बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपये कर दिया है जोकि जीडीपी का 3.3 फीसदी है। इसमें रेलवे पर पूंजीगत परिव्यय ही 2.4 लाख करोड़ रुपये है। बंदरगाहों से कोयला, इस्पात, उर्वरक और खाद्यान्न परिवहन के लिए लास्ट माईल और फर्स्ट माईल कनेक्टिविटी के लिए 100 महत्वपूर्ण परिवहन बुनियादी ढांचा परियोजनाएं चिन्हित की गई हैं, जिन्हें प्राथमिकता से पूरा कर लिया जाएगा। हाल ही में, जी-20 शिखर सम्मेलन के मौके पर, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और सऊदी अरब के माध्यम से भारत और यूरोप के बीच एक मल्टीमॉडल परिवहन और ऊर्जा गलियारे की बड़ी घोषणा की गई थी। इसमें रेलमार्ग और शिपिंग मार्गों के माध्यम से कनेक्टिविटी शामिल होगी और लॉजिस्टिक्स कॉस्ट को कम करके सदस्य देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। यह कदम हमारे देश के व्यापार में विकास के लिए गेम चेंजर साबित होगा।

आपकी कंपनी पर्याप्त वृद्धि हासिल करने के लिए उपरोक्त कदमों से लाभ उठाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

निष्पादन की उपलब्धियां :

कॉनकॉर परिवार के प्रत्येक सदस्य की अथक प्रतिबद्धता और समर्पण के फलस्वरूप, आपकी कंपनी ने उत्कृष्ट निष्पादन का एक और वर्ष हासिल किया है। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि आपकी कंपनी ने सभी मोर्चों पर बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। फिजीकल वॉल्यूम, वित्तीय, पूंजीगत व्यय, लाभांश आदि जैसे विभिन्न मापदंडों पर कंपनी का प्रभावशाली प्रदर्शन इस प्रकार है:

बिजनेस वॉल्यूम, टर्नओवर एवं लाभप्रदता

आपकी कंपनी ने वर्ष 2022-23 के दौरान एग्जिम थ्रूपुट में 4.22% और डॉमेस्टिक थ्रूपुट में 18.70% की वृद्धि दर्ज की। इसने पिछले वर्ष की तुलना में 7.08% की वृद्धि के साथ 4.36 मिलियन टीईयू का अब तक का उच्चतम थ्रूपुट हासिल किया। रेलमार्ग द्वारा ढोए गए टन भार के संदर्भ में, चालू वित्त वर्ष में कुल 49.00 मिलियन टन भार ढोया गया, जबकि 2021-22 में यह 47.69 मिलियन टन था, जो 2.75% की वृद्धि है।

कंपनी ने अब तक के सबसे अधिक सकल कारोबार की एक और उपलब्धि हासिल की है। पिछले वर्ष 7,856 करोड़ रु का सकल कारोबार था जबकि इस वर्ष 8,427 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का कर पश्चात लाभ पिछले वर्ष के 1,062 करोड़ रुपये की तुलना में 1,169 करोड़ रुपये रहा।

पूंजीगत व्यय

कंपनी अपने ग्राहकों की पहली पसंद बने रहने के अपने मिशन पर कायम है और अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए टर्मिनलों के विस्तार, वैगन एवं कंटेनरों के अधिग्रहण, हैंडलिंग उपकरणों और आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण हेतु दृढ़ता से प्रतिबद्ध है। इन कार्यों पर 568 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय हुआ। वर्ष के दौरान कंपनी ने पारादीप, ओडिशा और दाहेज, गुजरात में दो नए मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) भी विकसित किए हैं। दिनांक 31.03.2023 तक, कॉनकॉर के पास 108 आरएसटी और 14 गैन्ट्री क्रेन, 13 फोर्क लिफ्ट, 37,074 कंटेनर और 16,731 वैगन थे।

नेटवर्थ, डिवीडेंट और मार्केट पूंजीकरण

दिनांक 31.03.2023 को कंपनी की कुल संपत्ति 11,245 करोड़ रुपये रुपए थी और वर्ष के दौरान एनएसई पर दिनांक 09.11.2022 को अब तक का सबसे अधिक 50,495 करोड़ रुपये का मार्केट कैपिटलाईजेशन हासिल किया गया।

कंपनी ने संपत्ति को अपने शेयरधारकों के बीच साझा करने की नीति का हमेशा पालन किया है। वर्ष के दौरान, कुल 180% (9 रुपये प्रति शेयर) के तीन अंतरिम लाभांश का भुगतान किया गया और 40% (2 रुपये प्रति शेयर) का अंतिम लाभांश प्रस्तावित किया गया है। वर्ष 2022-23 के लिए कुल लाभांश भुगतान 670.22 करोड़ रुपये होगा जोकि नेटवर्थ का 5.96% और वर्ष के लिए लाभ का 57.33% है। कंपनी में आपके विश्वास के प्रमाण के रूप में, पिछले कुछ वर्षों में शेयरधारकों की संख्या लगातार बढ़ी है और वर्ष के अंत में कंपनी के पास लगभग 1.50 लाख शेयरधारक हैं।

कार्यनीतियाँ और पहल:

आपकी कंपनी सरकार द्वारा की गई विभिन्न नीतियों और पहलों का लाभ उठाने और हमारी अर्थव्यवस्था के विकास में भागीदार बनने के लिए पूरी तरह तैयार है जिसके वर्ष 2026 तक पांच ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद को छूने की उम्मीद है।

कंपनी लगभग सभी कंटेनर हैंडलिंग पोर्टों और प्रमुख औद्योगिक केंद्रों में मौजूदा कंटेनर टर्मिनलों के सबसे बड़े उपलब्ध नेटवर्क के साथ भारत में मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स में मार्केट लीडर बनी हुई है। इसमें रोलिंग स्टॉक, कंटेनर, हैंडलिंग उपकरण, सीमाशुल्क और ग्राहक इंटरफेस के साथ आईटी सक्षम संचालन का एक बड़ा बेड़ा है जो आपकी कंपनी को व्यापार के लिए कुशल और विश्वसनीय मूल्य वर्धित सेवाएं प्रदान करने में सक्षम बनाता है।

कंपनी ने अपने व्यवसाय में कई नई पहलों की शुरुआत की है और प्रतिस्पर्धी बाजार में और वृद्धि हासिल करने के लिए कार्यनीति बनाई है। कॉनकॉर द्वारा अपनाई जा रही कुछ कार्यनीतियां इस प्रकार हैं:

- डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) के साथ कार्यनीतिक स्थानों और प्रमुख औद्योगिक संपदाओं पर मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क की स्थापना।
- रोड ब्रिजिंग सॉल्यूसन के साथ प्राईवेट फ्रेट टर्मिनल (पीएफटी) की स्थापना।
- डाईवर्सिफिकेशन एंड प्रोडक्ट डिफरेंसियेशन से राजस्व में वृद्धि।
- अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यवसाय करना।
- डबल स्टैक लॉन्ग हॉल ट्रेनों में वृद्धि और रेल ट्रांस-शिपमेंट हब (आरटीएच) का विकास।
- विभिन्न गतिविधियों में प्रौद्योगिकी का व्यापक एवं नवीन उपयोग।
- टर्मिनलों पर सेवाओं और टैरिफ को मानकीकृत करके और वेयरहाउस के रूप में कंटेनर की पेशकश करके वेयरहाउस व्यवसाय का विस्तार।
- सीमेंट, एग्रीगेट, तरल कार्गो और ऑटो कारों के एजेंसी व्यवसाय और थोक परिवहन की खोज करना।

सहायक कंपनियाँ, संयुक्त उद्यम और गठबंधन :

आपकी कंपनी एग्जिम के साथ-साथ आंतरिक सेगमेंट में लॉजिस्टिक्स वैल्यू चेन के सभी सेगमेंट में कंपनी की उपस्थिति का विस्तार करने की संभावनाएं से अपने ग्राहकों को संपूर्ण लॉजिस्टिक्स और ट्रांसपोर्ट सॉल्यूसन देने पर जोर दे रही है। बुनियादी ढांचे के इष्टतम उपयोग के साथ-साथ लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से प्राप्त करने के लिए वैल्यू चेन के अन्य क्षेत्रों में विस्तार के लिए कार्यनीतिक गठबंधन मजबूत हुए हैं।

वर्तमान में, इसकी 4 सहायक कंपनियाँ और 10 संयुक्त उद्यम (जेवी) कंपनियां हैं। ये गठबंधन समुद्री बंदरगाह संचालन, लास्ट माईल कनेक्टिविटी, कंटेनर फ्रेट स्टेशन, एयर कार्गो और कोल्ड चेन लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में हैं। ऐसी साझेदारियों के साथ, हमने कई सहक्रियात्मक लाभ हासिल किए हैं जो कॉनकॉर के राजस्व में योगदान करते हैं और इसके व्यवसाय के समग्र विकास में मदद करते हैं।

कंपनी की दो सहायक कंपनियां हैं – सिडकुल कॉनकॉर इंफ्रा कंपनी लिमिटेड और पंजाब लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, इनके निष्पादन में सुधार हुआ है और वे अब नकद लाभ कमा रहे हैं और लॉग टर्म सस्टेनेबल ग्रोथ हासिल करने की स्थिति में हैं। अधिकांश संयुक्त उद्यम बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और नियमित रूप से लाभांश का भुगतान कर रहे हैं।

प्रौद्योगिकी और मानकीकरण:

वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में, तकनीकी में जो तेजी से प्रगति हो रही है उसके फलस्वरूप व्यवसाय निरंतर चलायमान रहता है। निरंतर बदलती प्रौद्योगिकी का उपयोग और अद्यतन किए बिना विकास को बनाए रखना अब संभव नहीं है।

ARTIFICIAL INTELLIGENCE COMMAND CENTRE
AT ICD TUGLAKHABAD

प्रौद्योगिकी के महत्व को समझते हुए, आपकी कंपनी ने अपने लाभ के लिए प्रौद्योगिकी को प्रभावी ढंग से नियोजित किया है। परिचालन और वित्तीय कार्य सिस्टम द्वारा संचालित होते हैं और एकीकृत होते हैं ताकि सभी व्यावसायिक गतिविधियां वास्तविक समय के आधार पर सुचारू रूप से संचालित हो सकें और उनको रिकॉर्ड करके रिपोर्ट की जा सके।

इस दिशा में की गई कई अन्य पहलों में ई-ऑफिस, शेयरधारकों के लिए मोबाइल ऐप नो योर कंटेनर लोकेशन (केवाईसीएल), ई-कॉन्ट्रैक्टर बिलिंग, ई-टेंडरिंग, फर्स्ट माइल लास्ट माइल (एफएमएलएम) ऐप, मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (एचआरएमएस), आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग आदि। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के अभिनव उपयोग से हमारे सेवा मानक में सुधार होगा क्योंकि टर्मिनलों पर कंटेनरों और कार्गो की आवाजाही को वास्तविक समय के आधार पर कैप्चर और साझा किया जा सकता है।

मानव संसाधन प्रबंधन:

आपकी कंपनी एक छोटा सा संगठन है जिसमें लगभग 1300 कर्मचारियों की एक समर्पित और मेहनती टीम है। कंपनी का मानव संसाधन दर्शन कर्मचारियों के सशक्तिकरण, वृद्धि और विकास को प्रोत्साहित करने, नवीन विचारों को प्रोत्साहित करने और पुरस्कारों के उचित वितरण करने में निहित है। कंपनी की कार्य संस्कृति खुली और डायनेमिक है जो कर्मचारियों को शीर्ष प्रबंधन के सक्रिय सहयोग के साथ कार्य करने में सक्षम बनाती है। आपकी कंपनी एक पसंदीदा नियोक्ता है और इसकी वृद्धि और विकास के लिए आवश्यक कौशल सेट के साथ सर्वोत्तम उपलब्ध प्रतिभा को आकर्षित करती है।

कार्यस्थल पर वातावरण सक्रिय रूप से विभिन्न विचारों, दृष्टिकोणों और नेतृत्व शैलियों को शामिल करता है। हमारा प्रयास एक ऐसा कार्यस्थल बनाना है जो लैंगिक समानता, विविधता और समावेशिता को बढ़ावा दे। ऐसा माना जाता है कि एक विविध कार्यबल अपने साथ विभिन्न दृष्टिकोण, अनुभव और दक्षताएं लाता है जो संगठन को अधिक नवीन, समावेशी और प्रतिस्पर्धी बनाता है।

मैं अपनी टीम के साहस और दृढ़ संकल्प की गहराई से प्रशंसा और सराहना करता हूं, क्योंकि उनकी व्यावसायिकता, प्रेरणा और समर्पण ने हमें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद की है।

निगमित शासन :

आपकी कंपनी एक नवरत्न उपक्रम है और अच्छा कॉर्पोरेट शासन ही इसकी सफलता का मूल है। कंपनी इस सिद्धांत में विश्वास करती है कि अच्छा कॉर्पोरेट शासन ही एक सकारात्मक संगठनात्मक संस्कृति स्थापित करता है और अपने हितधारकों के प्रति इसकी जिम्मेदारी, जवाबदेही, निरंतरता, निष्पक्षता और पारदर्शिता में स्पष्ट होती है। कंपनी ने सर्वोत्तम नीतियों, प्रथाओं, संरचना और नैतिकता की रूपरेखा तैयार की है। कंपनी अपने व्यावसायिक कार्यों को सही तरीके से करने के लिए प्रतिबद्ध है जो नैतिक होने के साथ-साथ सभी लागू कानूनों के अनुरूप हो। आज कंपनी एक सम्मानित कॉर्पोरेट है और इसने सभी हितधारकों का विश्वास और सद्भावना अर्जित की है।

हमारी सफलता की नींव 'ग्राहक मूल्य निर्माण' के हमारे लोकाचार के साथ हमारी कार्य संस्कृति और मूल्यों में निहित है।

निगमित सामाजिक दायित्व :

आपकी कंपनी हमेशा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व पर सुदृढ़ संरचित नीति के अनुसार अपनी व्यावसायिक गतिविधियों को सामाजिक और पर्यावरणीय रूप से जिम्मेदार तरीके से चलाने में विश्वास करती है। यह सभी हितधारकों की जरूरतों को संतुलित करके और समाज के वंचित वर्गों के उत्थान और कल्याण में योगदान करके नई ऊंचाइयां हासिल करने में विश्वास करता है।

स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास, पर्यावरण स्थिरता, खेल, बुनियादी ढांचे के विकास आदि जैसे प्रमुख क्षेत्रों के साथ समाज के समग्र विकास पर कॉनकॉर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

सीएसआर गतिविधि

वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान सीएसआर गतिविधियों पर 19.57 करोड़ रुपये की राशि दी गई है, जिसमें निम्नलिखित कार्य क्षेत्र शामिल हैं:

- कॉनकॉर द्वारा अपनाए गए आकांक्षी जिलों अर्थात श्रावस्ती (यूपी), चंदौली (यूपी), आसिफाबाद (तेलंगाना), विशाखापत्तनम (आंध्रप्रदेश) में स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में कई गतिविधियां की गईं।
- कॉनकॉर के प्रमुख टर्मिनलों पर 135 स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए जिससे लगभग 57000 हितधारकों को लाभ हुआ।
- हरियाणा के गुरुग्राम में एक वृद्धाश्रम को 100 मेडिकल बेड उपलब्ध कराए गए।
- दिल्ली में 'भिक्षा नहीं शिक्षा' अभियान के अंतर्गत भिक्षावृत्ति में लगे 400 बच्चों और युवा महिलाओं को सहायता।
- उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली में वंचितवर्ग के छात्रों की शिक्षा हेतु सहयोग दिया गया, जिससे 1200 छात्र लाभान्वित हुए।
- उत्तर प्रदेश के मोहनलाल गंज और उन्नाव जिलों के सार्वजनिक स्थानों पर 750 सोलर लाइटें स्थापित की गईं, जिससे लगभग 3750 हितधारकों को लाभ हुआ।
- दिल्ली, पटना और भोजपुर, बिहार में खेलों के लिए बुनियादी ढांचा विकसित किया गया।
- पेंशनभोगियों, युद्ध विधवाओं आदि के 834 आश्रितों के शिक्षा अनुदान के लिए 'सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष' में योगदान दिया गया।
- गंगा को साफ करने के सरकार के प्रयासों में सहयोग करने के लिए 'स्वच्छ गंगा कोष' में 100 लाख रुपये का योगदान दिया।

भावी दृष्टिकोण :

सरकार की नई राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति, तथा अन्य पहलों और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में एडवांस तकनीकी के प्रयोग से, मेरा दृढ़ विश्वास है कि यह क्षेत्र और बढ़ेगा तथा नई ऊंचाइयां हासिल करेगा।

हमेशा की तरह, कंपनी समग्र विकास पर अपना ध्यान केंद्रित कर रही है जो न केवल मुनाफे के मामले में बल्कि समाज एवं पर्यावरण में सकारात्मक बदलाव लाएगा। यह दृष्टिकोण हमें अपने ग्राहकों, कर्मचारियों और अन्य हितधारकों के लिए स्थायी मूल्य बनाने में मदद करेगा।

आर्थिक गतिविधियों जैसे रोड इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर की शुरुआत तथा परिचालन और सरकार की विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन से लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में पर्याप्त वृद्धि के नए रास्ते खुलेंगे जिसके लिए आपकी कंपनी भविष्य के लिए तैयार है।

एयरकार्गो, ऑटोमोबाइल सेक्टर, फूड सप्लाई चेन मैनेजमेंट, कोस्टल शिपिंग एवं डिस्ट्रिब्यूसन लॉजिस्टिक्स में बढ़ती मार्केट डाईवर्सिफिकेशन से भविष्य में विकास की संभावना है।

व्यापारिक वस्तुओं के प्रोफाइल में मध्यवर्ती से तैयार माल के प्रत्याशित परिवर्तन से घरेलू बाजार में कंटेनरीकरण के अवसर में वृद्धि होना तय है। इसके अलावा, राज्य सरकारों द्वारा बड़ी संख्या में स्थापित किए जाने वाले औद्योगिक पार्क, एसईजेड आदि से और बंदरगाहों से पारस्परिक लाभ की व्यवस्था के माध्यम से राज्यों/औद्योगिक संपदा के लिए लॉजिस्टिक्स भागीदार की भूमिका निभाने का अवसर प्रदान करते हैं।

आभार :

समापन से पहले, मैं, निदेशक मंडल की ओर से, रेल मंत्रालय, शिपिंग, वाणिज्य और उद्योग, वित्त और अन्य मंत्रालयों, भारत सरकार के विभागों, विभिन्न राज्य सरकारों, निवेशकों, जेवी पार्टनर, सप्लायर्स और ग्राहकों के प्रति अपना हार्दिक आभार व्यक्त करना चाहता हूं ये सभी आपकी कंपनी के विकास पथ को प्रेरित करने और समर्थन करने में सहायक रहे हैं।

मैं बोर्ड में अपने सहयोगियों, भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक और हमारे लेखापरीक्षकों के मार्गदर्शन और बहुमूल्य सहयोग को स्वीकार करता हूं और उनकी सराहना करता हूं। मैं रचनात्मक कवरेज प्रदान करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया को भी धन्यवाद देता हूं।

कंपनी के सभी कर्मचारियों को उनके लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन और योगदान के लिए मेरी हार्दिक कृतज्ञता और सराहना करता हूं।

प्रिय शेयरधारकों, मैं कंपनी में आपके विश्वास के लिए आपको धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं आशा करता हूं कि आने वाले वर्षों में आपका अमूल्य सहयोग कंपनी को मिलता रहेगा।

मैं आपके और आपके प्रियजनों के अच्छे स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए कामना और प्रार्थना करता हूं।

देवियो और सज्जनों – एक बार फिर से आप सभी का धन्यवाद,

जय हिंद, जय भारत

26 सितंबर, 2023 — **(वी. कल्याण रामा)**
नई दिल्ली — **अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक**

नोटः इसे कंपनी की 35वीं वार्षिक आम बैठक की कार्यवाही का रिकॉर्ड नहीं माना जाएं।

वी. कल्याण रामा अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

(सीआईएन : L63011DL1988GOI030915)

पंजी.कार्यालय : सी-3, कॉनकॉर भवन, मथुरा रोड, अपोलो अस्पताल के सामने, नई दिल्ली-110076 **निगमित कार्यालय** : कॉनकॉर एनेक्सी, तीसरा तल, एनएसआईसी बिल्डिंग, ओखला, फेस -III, दिल्ली -110020 **ईमेल**: investorrelations@concorindia.com, Website: www.concorindia.co.in
फोन: 011-41222500/600/700

THINK CONTAINER, THINK CONCOR

CHAIRMAN'S SPEECH AT 35th AGM OF CONTAINER CORPORATION OF INDIA LTD.

Held on 26th September 2023

First Double Stack train on DFC from Dadri to Mundra | Container as Warehouse | Total Logistics Solutions | IT Initiatives

CONCOR achieved highest ever Turnover & Throughput in FY 23

Dear Shareholders,

Ladies & Gentlemen!

Good afternoon. I extend a very warm welcome to each and every one of you. It's my privilege and honour to address you at this 35th Annual General Meeting of Container Corporation of India Ltd. On behalf of the entire Board and Management, I would like to thank you for sparing your valuable time and connecting with us virtually once again at this AGM of your Company.

First of all, like every proud Indian, I would like to congratulate ISRO for the historic success of Chandrayaan-3 mission, establishing India's position as a global space power. I would also like to congratulate our Government and each countryman for the success of recently concluded G-20 Summit at New Delhi with the theme 'One Earth, One Family, One Future'. India's presidency of G-20 made the today's conflicted World understand the famous teaching of our Upnishads "Vasudhaiva Kutumbakam" which means "The entire World is one Family".

As per the "World Economic Forums' Global Risks Report 2023", the failure to mitigate and adapt to climate change, natural disaster and extreme weather events, biodiversity loss and eco-system collapse are major long term global risks. These risks are now compounded by an era of low growth, low investment and low co-operation which is being felt by all global economies. However, history has proved that progress and change have been borne out of crises.

Amidst the global disruptions and challenges, your Company has kept its focus on providing uninterrupted logistics support with its efficient service to the trade and industry. It has performed consistently well and improved its strong fundamentals. Your Company is optimistic about the economic scenario going forward and is well poised to seize the emerging business opportunities. The report of the Directors and Audited Accounts for the year ended 31st March 2023 with the reports of Auditors and comments of Comptroller and & Auditor General of India have already been circulated to you and with your permission, I take them as read. Now, I would like to elaborate briefly inter-alia about the economic scenario, sectoral outlook and Company's achievements during the year 2022-23 along with the future prospects.

ECONOMIC SCENARIO:

As per World Bank's Global Economic Prospects Report of June 2023, after growing at 3.1% last year Global economy is set to slow substantially in 2023 to 2.1%, owing to monetary policy tightening to rein in high inflation. As per National Statistical Office (NSO), the provisional estimates of the growth in real GDP of India during FY 2022-23 is 7.2%. Going forward, the healthy balance sheets of banks and corporates, supply chain normalization, business optimism and robust capital expenditure by Government are favourable indicators for the Indian economy and RBI has estimated GDP growth of 6.5% for the year 2023-24.

The challenges being faced by all global economies today are mounting inflation, volatile markets, continuing geo-political crisis, trade wars, supply chain disruptions and policy tightening by the Central Banks. Despite these global headwinds, the Indian economy has managed to show resilience and has come out as one of the fastest growing economies. It is expected to be third largest economy of the World by 2027 surpassing Japan and Germany. Therefore, we are steadily marching ahead to realise our vision of 'Amrit Kaal'.

It is commendable that while astutely addressing immediate challenges, the Government has continued to carry out path breaking reforms and policy interventions to create conducive environment enhancing our competitiveness globally. The economy underwent wide-ranging structural and governance reforms that strengthened the economy's fundamentals. Some of the major initiatives taken by the Government in this respect are tripling of public capex, best in class digital infrastructure, Productivity Linked Incentive scheme to attract private investment, targeted welfare spending, efficient delivery of grass root benefits, etc. The progressive policy initiatives, favourable demographics and India's growing stature in the World has led to heightened interest in leveraging India as a global hub for manufacturing, services and exports thereby acknowledging that this is India's moment.



SECTORAL OUTLOOK:

The logistics sector is one of the key elements in every economy as it supports trade and commerce. This sector is set to grow significantly in the coming years with rising production, consumption and new opportunities emerging for India on account of global disruptions. The Government's focus on infrastructure development and improving the ease of doing business will go a long way in contributing to achieve long term growth. As per Logistics Performance Index (LPI) of World Bank, India's rank jumped 6 places to 38 out of 139 countries, which is a strong indicator of country's global positioning.

During the year, Indian Railways registered a marginal increase of 6.63% in originating loading of cargo, from 1,418.10 million tonnes in 2021-22 to 1,512.07 million tonnes in 2022-23. The originating containerized cargo transported by rail has increased from 74.35 million tonnes in 2021-22 to 79.45 million tonnes in 2022-23, an increase of 6.9%.

Merchandise and services exports have registered highest ever annual exports of US$ 447.46 billion and US$ 332.72 billion with 6.03% and 26.79% growth respectively over previous year.

The Government's vision is to develop a world-class logistics ecosystem that can support the country's growing trade and investment needs. In this direction, PM Gati Shakti National Master Plan, National Logistics Policy (NLP), Bharatmala and Sagarmala are helping in fast tracking the expansion of road, railways and port infrastructure. The digital solutions like ICEGATE and e-logs have helped in improving efficiency and transparency in the logistics sector and have made goods movement faster. Further steps being taken by the sector to move towards sustainable logistics by conforming with global benchmarks of energy efficiency and carbon intensity indicator will give benefit to the trade in times to come.

In the Budget 2023-24, the Government has increased the capital investment by 33% to Rs.10 lakhs crores which would be 3.3% of GDP. In this, the capital outlay on Railways itself is Rs.2.4 lakh crores. One hundred critical transport infrastructure projects have been identified for last mile and first mile connectivity, for ports, coal, steel, fertilizer and foodgrains which will be taken up on priority. Recently, on the sidelines of G-20 Summit, the big announcement of a multi modal transport and energy corridor between India and Europe via United Arab Emirates (UAE) and Saudi Arabia was made. This will involve connectivity through rail and shipping routes and will further boost the bilateral trade among the member countries by reducing the cost of logistics. This would be a game changer for growth of the trade of our Country.

Your Company is fully geared to take advantage from the above initiatives to achieve substantial growth.

PERFORMANCE HIGHLIGHTS:

With the relentless commitment and dedication of every member of CONCOR family, your company has achieved yet another year of outstanding performance. I am delighted to share that your Company has done extremely well on all fronts. The impressive performance of the Company on various parameters such as physical volumes, financial, CAPEX, dividend, etc. are as follows:

BUSINESS VOLUMES, TURNOVER AND PROFITABILITY:

Your company registered a growth of 4.22% in EXIM throughput and 18.70% in Domestic throughput during the year 2022-23. It achieved highest ever total throughput of 4.36 million TEUs, with growth of 7.08% over previous year. In terms of tonnage carried by rail, it carried a total tonnage of 49.00 million tons in current fiscal as against 47.69 million tons in 2021-22, which is an increase of 2.75%.

The Company achieved yet another feat of highest ever gross turnover of Rs. 8,427crores this year, as against Rs. 7,856 crores in previous year. The Profit after tax of the Company stood at Rs.1,169 crores in comparison of Rs.1,062 crores in previous year.

CAPITAL EXPENDITURE:

To achieve the mission of becoming the first choice of our customers, the Company remains firmly committed for capacity addition with an expansion of terminals, acquisition of wagons, containers, handling equipment and creating IT infrastructure. It incurred a Capital Expenditure of Rs.568 crores. during the year. The Company has also developed two new Multi Modal Logistics Park (MMLP) at Paradip, Odisha and at Dahej, Gujarat. As on 31.03.2023, CONCOR had 108 RSTs and 14 Gantry cranes, 13 Fork Lifts, 37,074 containers and 16,731 no. of wagons.

NET WORTH, DIVIDEND AND MARKET CAPITALISATION:

The net worth of the company as on 31.03.2023 was Rs. 11,245 crores and highest ever market capitalization of Rs.50,495 crore was achieved during the year on 09.11.2022 at NSE.

The Company has always followed the policy of sharing its wealth amongst its shareholders. During the year, three interim dividends totalling to 180% (Rs.9/- per share) were paid and a final dividend of 40% (Rs.2 per share) has been proposed. The total dividend payment for the year 2022-23 will be Rs.670.22 crores which is 5.96% of net worth and 57.33% of profit for the year. As a testimony of your confidence in the Company, the numbers of shareholders



have grown consistently over the years and at the end of the year the Company has around d 1.50 lakhs shareholders.

STRATEGIES AND INITIATIVES:

Your Company is well geared to reap the benefits of various policies and initiatives taken by the Government and be a partner in the growth of our economy which is expected to touch US$ five trillion GDP by the year 2026.

The Company continues to be the market leader in multi-modal logistics in India with the largest available network of container terminals having presence in almost all container handling ports and major industrial hubs. It has a large fleet of rolling stock, containers, handling equipment, IT enabled operations with customs and customers interface enabling your Company to provide efficient and reliable value-added services to the trade. Your Company took many new initiatives in its business and has strategies in place to achieve further growth in the competitive market. Some of the strategies being adopted are as under:

- Setting up of Multimodal Logistics Parks at strategic locations along the Dedicated Freight Corridors (DFC) and at major industrial estates.
- Setting up of Private Freight Terminals (PFTs) with road bridging solutions.
- Increase in Revenue by diversification and product differentiation.
- To venture Internationally.
- Increase in Double Stack Long Haul Trains and development of Rail Trans-shipment Hubs (RTH).
- Extensive and innovative use of technology in various activities.
- Expansion of warehousing business by standardizing services and tariffs across terminals and offering container as a warehouse.
- Exploring agency business and bulk transportation of cement, aggregate, liquid cargo and auto cars.

SUBSIDIARIES, JOINT VENTURES AND ALLIANCES:

Your Company continues to place emphasis on providing total logistics and transport solutions to its customers by exploring the possibilities of expanding the presence of the Company in all segments of Logistics value chain in the EXIM as well as Domestic segments. Strategic alliances firmed up both for optimal utilization of infrastructure as well as expansion into other segments of the value chain for effectively achieving the goals.

At Present, it has 4 Subsidiaries and 10 Joint Venture (JV) Companies. These alliances are in the fields of sea port operations, last mile connectivity, container freight stations, air cargo and cold chain logistics. With such partnerships, we have achieved several synergic benefits which contribute to the revenues of CONCOR, helping in the overall growth of its business.

The performance of two subsidiaries of the Company namely SIDCUL CONCOR Infra Company Limited and Punjab Logistics Infrastructure Limited has improved and they are now generating cash profit and are positioned to achieve long term sustainable growth. Most of the JVs are doing very well and have been paying dividends regularly.

TECHNOLOGY AND STANDARDISATION:

In the current global scenario, businesses are in a constant state of flux due to rapid technological advancements. It is no longer possible to sustain growth without using and updating everchanging technology.

Recognizing this, your Company has effectively employed technology to its

advantage. The operations and financial functions are system driven and are integrated so that all business activities are smoothly carried out, recorded and reported on real time basis.

Various other initiatives taken in this direction includes use of e-office, various mobile apps for stakeholders, Know Your Container Location (KYCL), e-contractor billing, e-tendering, First Mile Last Mile (FMLM) app, implementation of Human Resource Management Systems (HRMS), use of Artificial Intelligence, etc. The innovative use of AI will improve our service standard as the movement of containers and cargo at the terminals can be captured and shared on real time basis.

HUMAN RESOURCE MANAGEMENT:

Your Company is a very lean organization which is being managed by a dedicated and hard working team of around 1300 employees. Company's HR philosophy is rooted in encouraging employee empowerment, growth and development of individuals by realizing their potential, encouraging innovative ideas and fair distribution of rewards. Its work culture is open and dynamic enabling employees to take initiative in jobs with active support of the top management. It is an employer of choice and attracts the best available talent with skill sets required for the growth and development of the organization.

The work environment actively incorporates different ideas, perspectives and leadership styles. Our endeavour is to create a workplace that promotes gender equality, diversity and inclusivity. It is believed that a diverse workforce brings with it different perspectives, experiences and competencies making an organisation more innovative, inclusive, and competitive.

I deeply admire and appreciate the courage and determination of our team, as their professionalism, motivation and dedication have helped us in achieving our goals.

CORPORATE GOVERNANCE:

Your Company is a Navratna Undertaking and good Corporate Governance is the core to its success. It believes in the principle that good Corporate Governance establishes a positive organizational culture and it is evident in its responsibility, accountability, consistency, fairness and transparency towards its stakeholders. It has put in place the framework of best policies, practices, structure and ethics in the Organisation. The Company is committed to do things the right way which is ethical as well as compliant to all applicable legislations. Today the Company is well respected corporate citizen and it has earned the trust and goodwill of all the stakeholders.

Foundation for our success has been rooted in our work culture and values with our ethos of 'Customer Value Creation'.

CORPORATE SOCIAL RESPONSIBILITY:

Your Company always believes in carrying out its business activities in a socially and environmentally responsible manner as per the well-structured



policy on Corporate Social Responsibility. It believes in achieving new heights by balancing the needs of all stakeholders and contributing to the upliftment and well-being of the disadvantaged sections of the society.

CONCOR continues to focus on overall development of society with prime focus areas like health, education, skill development, environment sustainability, sports, infrastructure development, etc.

During FY 2022-23 on CSR activities an amount of Rs.19.57 crores have been disbursed, which inter-alia includes work in the following areas:

- In Aspirational districts adopted by CONCOR i.e. Shravasti (UP), Asifabad(Telangana), Chandauli (UP), Visakhapatnam (AP) many activities in the field of health and education were carried out.
- 135 nos. of health camps were organized at major locations of CONCOR facilities which benefitted approximately 57,000 stakeholders.

CSR activity

- Provided 100 Medical Beds to an old age homes at Gurugram, Haryana.
- Support to 400 children and young women engaged in beggary by funding a campaign 'Bhiksha Nahi Shiksha' in Delhi.
- Supported education of under-privileged students in Uttar Pradesh, Haryana and Delhi benefitting 1,200 students.
- Installed 750 solar lights at public places of Mohanlal Ganj and Unnao Districts of Uttar Pradesh benefitting approximately 3,750 stakeholders.
- Developed infrastructure for sports at Delhi, Patna and Bhojpur, Bihar.
- Contributed in 'Armed Forces Flag Day Fund' for education grant of 834 wards of pensioners, war widows, etc.
- Contributed Rs.100 Lacs in 'Clean Ganga Fund' in order to support Government's efforts to clean Ganga.

WAY FORWARD:

With the new National Logistics Policy, other initiatives by the Government and upcoming technological advancements in the logistics sector, I am of firm belief that this sector would grow and achieve new heights.

Like always, the Company is sharpening its focus on the holistic growth which will not only be in terms of profits but will bring positive changes in the society and environment. This approach will help us to create sustainable value for our customers, employees and other stakeholders.

Economic activities such as expansion of road infrastructure, commencement of operations of dedicated freight corridors and implementation of various plans of Government will open new avenues for substantial growth in the logistics sector for which your Company is future ready.

The growing market potential in air cargo, automobile sector, food supply chain management, coastal shipping and Distribution Logistics offers ample scope for diversification and further growth.

The anticipated change in the profile of traded goods from intermediate to finished product is bound to increase the opportunity for containerization in the domestic market. Moreover, the large number of Industrial Parks, SEZs etc. being set up by State Governments and Ports offers the opportunity for taking up the role of Logistics Partner for the States/Industrial estates through arrangements of mutual benefits.

ACKNOWLEDGEMENT:

Before concluding, I, on behalf of the Board of Directors, wish to express my whole hearted gratitude to the Ministry of Railways, Shipping, Commerce and Industry, Finance and other Ministries, Departments of the Government of India, various State Governments, investors, JV partners, suppliers and customers who have been instrumental in motivating and supporting your company's growth path.

I acknowledge and appreciate the guidance and valuable support of my colleagues on the Board, C&AG of India and our Auditors. I also extend my thanks to the electronic and print media for providing constructive coverage.

My heartfelt gratitude and appreciation to all the employees of the Company for their consistently outstanding performance and contributions.

Dear shareholders, I would like to thank you for your trust and confidence in the Company. I look forward to your unwavering support to the management Company in years to come.

I wish and pray for the good health and safety of you and your loved ones.

Thank you once again, Ladies and Gentlemen.

Jai Hind, Jai Bharat !

26th September, 2023
New Delhi

V. Kalyana Rama
Chairman and Managing Director

***Note:** This does not purport to be a record of the proceedings of the 35th Annual General Meeting of the Company.*

V Kalyana Rama Chairman and Managing Director

(CIN: L63011DL1988GOI030915)

Regd. Office: C-3, CONCOR Bhawan, Mathura Road, Opp. Apollo Hospital, New Delhi-110076 **Corp. Office:** CONCOR Annexe., 3rd Floor, NSIC MDBP Building, Okhla Phase – III, Delhi -110020 Email: investorrelations@concorindia.com, Website: www.concorindia.co.in Phone: 011-41222500/600/700